भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3964

दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

आयात और निर्यात पर अमेरिका द्वारा प्रतिकारी शुल्क लगाना

3964. श्री सेल्वाराज वी.:
श्री सुब्बारायण के.:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत से आयात पर प्रतिकारी शुल्क लगाने के अमेरिकी सरकार के निर्णय से अमेरिका को भारतीय निर्यात और भारत में बढ़ते विनिर्माण निवेश पर असर पड़ेगा; और

(ख) यदि हां, तो भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी मात्रा कितनी है तथा अमेरिका के उक्त निर्णय से हमारे निर्यात पर कितना प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख) : अमेरिका ने दिनांक 13 फरवरी, 2025 को पारस्परिक व्यापार और प्रशुल्क संबंधी ज्ञापन जारी किया जिसमें वाणिज्य सचिव और संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि व्यापारिक भागीदारों द्वारा अपनाई गई किसी भी गैर-पारस्परिक व्यापार व्यवस्था से अमेरिका को हानि की जांच करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे और प्रत्येक व्यापारिक भागीदार के लिए विस्तृत प्रस्तावित उपायों के साथ एक रिपोर्ट प्रदान करेंगे, जिसके आधार पर संबंधित व्यापारिक भागीदार के विरुद्ध अमेरीका द्वारा कार्रवाई किसी प्रासंगिक अमेरीकी कानूनों के अंतर्गत की जा सके। वर्तमान तिथि तक, अमेरीका द्वारा भारत पर पारस्परिक टैरिफ नहीं लगाए गए हैं। भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात की जाने वाली मुख्य वस्तुओं और उनकी मात्रा का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 25.03.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3964 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली शीर्ष 10 वस्तुएं (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)

क्र.सं.	वस्तु	अप्रैल-मार्च 2022-23	अप्रैल-मार्च 2023-24	अप्रैल-दिसंबर 2024-25
1	ड्रग फोरम्यूलेशंस, जैविक सामग्रियां	6775.1	8,015.25	6531.52
2	मोती, कीमती, अर्द्ध कीमती पत्थर	9203.56	6,576.53	4230.73
3	पेट्रोलियम उत्पाद	6037.3	5,830.05	3180.28
4	दूरसंचार उपकरण	2562.69	5,822.83	5280.46
5	सोना और अन्य कीमती धातु के आभूषण	3323.51	3,305.73	2747.5
6	लोहे और इस्पात के उत्पाद	3080.94	2,781.83	2226.72
7	आरएमजी कपास, सहायक सामग्री सहित	3131.55	2,743.67	2264.28
8	इलेक्ट्रॉनिक्स घटक	1660.48	2,697.71	1514.85
9	सूती कपड़े, मेड अप्स आदि	2418.17	2,614.77	2038.01
10	समुद्री उत्पाद	2582.65	2,499.02	2056.13

स्रोत: डीजीसीआईएस

****